जो मुझे प्रभु से मिला दे वो गीत गाना चाहता हूँ

जो मुझे प्रभु से मिला दे वह गीत गाना चाहता हूं,

रास्ते सबने बताए पर साथ कोई दे न पाया ,
कौन देगा साथ जबकि साथ दे न अपना साया,
जग से नाता तोड़कर बंधन मिटाना चाहता हूं ,

जीतकर मैंने कभी इस जिंदगी से कुछ ना पाया,
हार कर मैंने सदा फिर से संभलकर पग बढ़ाया,
इसीलिए मैं हार कर भी मुस्कुराना चाहता हूं ,

हर अंधेरी रात के पहलू में जागा है सवेरा ,
हर थके पक्षी को आखिर मिल ही जाता है बसेरा,
मैं इसी आशा पर मोहन को रिझाना चाहता हूं,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/6426/title/jo-mujhe-prabhu-se-mila-de-vo-geet-gaana-chahta-hu

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |